मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-512
02/10/2023

# मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती के अवसर पर उनकी आदमकद प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

पटना, 02 अक्टूबर 2023 :– राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती के अवसर पर राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पटना के गॉधी मैदान स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की विशाल आदमकद प्रतिमा/चित्र पर माल्यार्पण किया और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण किया। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने उनके आदर्शों को जीवन में उतारने का संकल्प भी लिया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वित्त, वाणिज्यकर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, शिक्षा मंत्री श्री चन्द्रशेखर, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री श्री आलोक कुमार मेहता, ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री श्री जमा खान, विज्ञान एवं प्रावैधिकी मंत्री श्री सुमित कुमार सिंह, श्रम संसाधन मंत्री श्री सुरेन्द्र राम, सूचना प्रावैधिकी मंत्री मो0 इसराइल मंसूरी, विधायक श्री शकील अहमद खान, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधान पार्षद श्रीमती कुमुद वर्मा, विधान पार्षद श्री रविन्द्र कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार सिंह, बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य श्री शिवशंकर निषाद सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें शत्–शत् नमन किया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग द्वारा आरती पूजन, भजन, कीर्तन, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीतों का गायन भी किया गया। मुख्यमंत्री ने गांधी जी की वेशभूषा में पधारे श्री सुरेश कुमार हज्जू से भी मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने वहां उपस्थित हज्जू म्यूजिकल थियेटर के कलाकरों से मुलाकात की।

माल्यार्पण के पश्चात् पत्रकारों से बात करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि आज बापू की जयंती है इस अवसर पर हम लोग यहां आते हैं। विशेषज्ञों से राय लेकर हमलोगों ने पटना के गांधी मैदान में ही बापू की विशाल प्रतिमा स्थापित करवाई है। बापू की कितनी अच्छी और बड़ी मूर्ति गांधी मैदान में लगाई गई है। आज के दिन बापू के बारे में चर्चा करिए, यही हम आपसे आग्रह करेंगे।

जाति आधारित गणना के आंकडे को प्रकाशित करने के पत्रकारों के प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही आंकड़े प्रकाशित किये जायेंगे। जिसको इस काम का जिम्मा दिया गया है वो जब फाइनल कर देंगे उसके बाद ही आपलोगों को बताया जाएगा। इसकी घोषणा होते ही एक–एक चीज के बारे में लोगों को जानकारी मिल जाएगी। 9 पार्टियों की राय से जाति आधारित गणना का काम हुआ है।

******